हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)
(ISO 9001 : 2015 - Certified Organization)

## प्रैस नोट

No-BSEH/ 02 /Sec/2024 Date- 24-06-2024

Notification No- 02 /2024

विषय :– सैकेण्डरी/सैकेण्डरी–सह–पूर्व मध्यमा द्वितीय वार्षिक परीक्षा (कम्पार्टमैंट/पूर्ण विषय अंक सुधार/आंशिक अंक सुधार) जुलाई–2024 एवं सीनियर सैकेण्डरी पूरक परीक्षा जुलाई–2024 हेतु स्वंयपाठी परीक्षार्थियों के प्रवेश–पत्र जारी करने बारे।

सैकेण्डरी/सैकेण्डरी–सह–पूर्व मध्यमा द्वितीय वार्षिक परीक्षा (कम्पार्टमैंट/पूर्ण विषय अंक सुधार/आंशिक अंक सुधार) जुलाई–2024 एवं सीनियर सैकेण्डरी पूरक परीक्षा जुलाई–2024 हेतु स्वंयपाठी परीक्षार्थियों के प्रवेश–पत्र दिनांक 24.06.2024 से बोर्ड की वैबसाईट पर जारी कर दिये गए हैं। स्वंयपाठी (कम्पार्टमैन्ट, अंक सुधार एवं स्वंयपाठी पूर्ण विषय) परीक्षार्थी अपना प्रवेश–पत्र बोर्ड की वैबसाईट पर दिए गए लिंक से पिछला अनुक्रमांक/नाम, पिता का नाम, माता का नाम भरते हुए डाउनलोड कर सकते हैं।

परीक्षार्थी द्वारा A-4 साईज पेपर पर रंगीन प्रवेश–पत्र डाउनलोड किया जाना आवश्यक है। प्रवेश–पत्र का रंगीन प्रिंट लेने उपरांत विवरण भलीभांति जांच लें। यदि विवरणों में कोई भी त्रुटि हैं तो तुरंत बोर्ड कार्यालय में सम्पर्क करते हुए विवरण में शुद्धि करवा लें, बाद में कोई त्रुटि ठीक करवाने बारे दिये गए प्रतिवदन पर विचार नहीं किया जायेगा। यदि किसी परीक्षार्थी का अनुक्रमांक किसी कारण से रोका गया है, तो वे परीक्षार्थी किसी भी कार्यदिवस में बोर्ड कार्यालय में व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होकर वांछित दस्तावेज उपलब्ध करवाते हुए अपना प्रवेश–पत्र जारी करवा सकते हैं। दिव्यांग परोक्षार्थी बोर्ड कार्यालय/परीक्षा केन्द्र से, आवश्यक दस्तावेज जमा करवाते हुए परीक्षा से पहले लेखक की अनुमती लना अनिवार्य है। लेखक से संबंधित दस्तावेज बोर्ड कार्यालय में ई0मेल से या दस्ती जमा करवाने होगें।

इस सन्दर्भ में किसी प्रकार की कठिनाई आने पर बोर्ड वैबसाईट पर जारी हैल्पलाईन नम्बर 01664–254309/ई–मेल आई0डी सैकेण्डरी assec@bseh.org.in, सीनियर सैकेण्डरी assrs@bseh.org.in पर सम्पर्क करते हुए समाधान करवाना सुनिश्चित करें।

अन्य दिशा–निर्देश निम्न प्रकार से हैं इनकी दृढ़ता से पालना की जाए:–

1. परीक्षा केन्द्र परिवर्तन की अनुमति नहीं है।
2. परीक्षार्थी अपने प्रवेश–पत्र पर पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो जो आवेदन करते समय स्कैन किया गया था उसे चिपकाकर, फोटो तथा प्रवेश–पत्र को किसी सरकारी/गैर सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्राचार्य/मुख्याध्यापक या किसी राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित करवाना सुनिश्चित करें अन्यथा परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।
3. परीक्षार्थी का परीक्षा आरम्भ होने से 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना अनिवार्य है।
4. प्रवेश–पत्र को लेमिनेशन न करवाएं क्योंकि प्रवेश–पत्र पर तिथि अनुसार परीक्षार्थी एवं पर्यवेक्षक के हस्ताक्षर होने अनिवार्य हैं।
5. परीक्षा केन्द्र पर मूल पहचान–पत्र (आधार कार्ड आदि) साथ लेकर आएं।
6. परीक्षार्थी अपने आई0डी0 कार्ड/मूल आधार कार्ड सहित परीक्षा केन्द्र पर आएंगे। प्रत्येक परीक्षार्थी आधार कार्ड को वर्तमान अनुसार Update करवाना सुनिश्चित करें। बिना updation के परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी, जिसके लिए परीक्षार्थी स्वंय जिम्मेवार होगा।
7. परीक्षा केन्द्र में इलैक्ट्रोनिक सामान जैसे:–**Smart Watch**, मोबाईल, कैलकुलेटर आदि का उपयोग वर्जित है।
8. किसी अन्य/दूसरे के स्थान पर परीक्षा में प्रविष्ठ होना/परीक्षा देना एक दण्डनीय अपराध है, जिसमें परीक्षार्थी के विरुद्ध एफ0 आई0 आर0 दर्ज करवाई जाएगी।
9. प्रश्न–पत्र पर वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान ना लगाएं अन्यथा **UMC** दर्ज किया जाएगा।

**अध्यक्ष**

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)
(ISO 9001 : 2015 - Certified Organization)
G20 भारत 2023 INDIA

( स्वंयपाठी दिव्यांग परीक्षार्थियों हेतु लेखक लेने बारे प्रार्थना–पत्र का प्रारूप)

परीक्षा केन्द्र कोड : .............................. परीक्षा केन्द्र का नाम : ..........................................................
विद्यालय का नाम:..............................................................................................................................
जिला : .................................................... परीक्षा का नाम : ............................................................
E Mail: .......................................................Mob. No. .......................................

क्रमांक दिनांक :

सेवा में,

सचिव,
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड,
भिवानी।

विषयः– सैकेण्डरी/सैकेण्डरी–सह–पूर्व मध्यमा द्वितीय वार्षिक परीक्षा (कम्पार्टमैंट/पूर्ण विषय अंक सुधार/आंशिक अंक सुधार) जुलाई–2024 एवं सीनियर सैकेण्डरी कम्पार्टमैंट परीक्षा जुलाई–2024 हेतु लेखक लेने बारे।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में अनुक्रमांक ........................................ नाम ...........................................पुत्र/पुत्री श्री ............... ............................................. के सम्बन्ध में लिखा जाता है कि परीक्षार्थी (दिव्यांगता श्रेणी)........................................................ होने के कारण स्वंय लिख पाने में असमर्थ है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी किया गया चिकित्सा प्रमाण–पत्र चैक कर लिया गया है जिसके अनुसार परीक्षार्थी ............% दिव्यांग है, छायाप्रति साथ संलग्न है।

परीक्षार्थी के लिए लेखक लेने हेतु विद्यालय ............................................................ द्वारा कक्षा 9वीं/11वीं के परिणाम/युनिट टैस्ट (SAT), 1/2 परीक्षार्थियों के 2–2 फोटो, दाखिला खारिज रजिस्टर एवं फोटो युक्त 2–2 आई0डी0 प्रुफ की सत्यापित छायाप्रतियां साथ संलग्न कर दी गई हैं। लेखक छात्र/छात्रा के विवरण निम्न प्रकार से हैं:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | नाम ........................................ पुत्र/पुत्री श्री ........................................<br>कक्षा ...................................... दाखिला संख्या ........................................<br>आधार नम्बर ......................... विद्यालय फोटो आई0डी0 .......................... | बिना सत्यापित फोटो | सत्यापित फोटो |
| 2. | नाम ........................................ पुत्र/पुत्री श्री ........................................<br>कक्षा ...................................... दाखिला संख्या ........................................<br>आधार नम्बर ......................... विद्यालय फोटो आई0डी0 .......................... | बिना सत्यापित फोटो | सत्यापित फोटो |

उपरोक्त वर्णित छात्रों में से क्रमांक संख्या ........ पर वर्णित छात्र को दिनांक .................................................... को आयोजित .......................................................विषय/विषयों की परीक्षा हेतु लेखन कार्य करने की अनुमति प्रदान की गइ है। कृपया सूचनार्थ बोर्ड कार्यालय को प्रेषित है।
संलग्न–यथोपरि।

भवदीय

मुख्य केन्द्र अधीक्षक/केन्द्र
(मोहर सहित)